University in News on 08 February 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

हबीबुल्ला व कैलाश को बेस्ट हॉस्टल का खिताब

नौ दिवसीय इंटर हॉस्टल फेस्ट संपन्न, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने किया विजेताओं को सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित नौ दिवसीय इंटर हॉस्टल फेस्ट का बुधवार को समापन हो गया। इसमें पुरुष वर्ग में हबीबुल्ला हॉल और महिला वर्ग में कैलाश छात्रावास ने जीत का खिताब अपने नाम किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी और कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पुरस्कृत किया। विवि की सांस्कृतिकी सेल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

विजेताओं को पुरस्कृत करतीं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी व कुलपति। संवाद

मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे आयोजनों में जीत या हार से ज्यादा महत्वपूर्ण है हॉस्टल का प्रतिनिधित्व और छात्रों की भागीदारी। कुलपति ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से हॉस्टल के विद्यार्थी एक-दूसरे के करीब आते हैं और उन्हें आपस में समझ विकसित करने का अवसर मिलता है।

विवि में हुए नौ दिवसीय इंटर हॉस्टल फेस्ट में कुल 45 प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें 23 पुरुष वर्ग और 22 महिला वर्ग के लिए थीं। सभी प्रतियोगिताओं में विवि के 18 छात्रावासों के 1500 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों ने 217 और छात्राओं ने 189 पदक जीते।

बेस्ट हॉस्टल बॉयज का पुरस्कार हबीबुल्लाह बॉयज हॉल को और बेस्ट हॉस्टल गर्ल्स का पुरस्कार कैलाश हॉल को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों की ट्रॉफी हबीबुल्लाह हॉल के अर्जुन सिंह को दी गई, जिन्होंने चार पदक जीते। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की ट्रॉफी निवेदिता हॉल से निष्ठा वर्मा को दी गई जिन्होंने तीन पदक प्राप्त किए। प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, रजिस्ट्रार विनोद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू आदि मौजूद रहे।

गुड-टच और बैड टच में अंतर बताया

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के विद्यार्थियों ने बुधवार को बीकेटी के दिनकरपुर गांव में कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें उन्होंने गांव के बच्चों को पॉक्सो अधिनियम और गुड टच व बैड टच की बारीकियां समझाई। संकाय अध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने बताया कि कौशिकी ने अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श का अंतर, आदित्य ने इस कृत्य के लिए दंड और रवि ने शिक्षकों और स्कूल अधिकारियों की जिम्मेदारी समझाई। संयोजक मनीष तिवारी आदि उपस्थित रहे। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 06

कैलाश हॉल और हबीबुल्लाह छात्रावास सर्वश्रेष्ठ चुने गए

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में इंटर हॉस्टल फेस्ट का समापन हुआ। सर्वश्रेष्ठ पुरुष छात्रावास का खिताब हबीबुल्लाह और महिला छात्रावास का कैलाश हॉल को दिया गया। विजेताओं को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया। छात्रों को 217 और छात्राओं को 189 पदक दिए गए।

एलयू के मालवीय सभागार में तृतीय अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव-2024 का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह बुधवार को हुआ अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी रहीं। उन्होंने हॉस्टल के विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अगले वर्ष बेहतर प्रदर्शन करें। जीत न पाने पर भी निराश न हों। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने उत्सव की संयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी हॉस्टल के विद्यार्थी समय-समय पर अपने खेल में सुधार करते रहें।

इस दौरान उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और कुलपति ने विजेताओं को सम्मानित किया। कुल 217 छात्रों को 85 स्वर्ण, 84 रजत और 48 कांस्य वितरित किए गए। जबकि छात्राओं ने 68 स्वर्ण, 68 रजत और 53 कांस्य समेत कुल 189 पदक जीते।

समापन लखनऊ विश्वविद्यालय में इंटर हॉस्टल फेस्ट का समापन बुधवार को हो गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और कुलपति आलोक कुमार राय ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया।

217 पदक छात्रों और 189 पदक दिए गए छात्राओं को

45 मुकाबलों में 1467 प्रतिभागियों ने लिया भाग

अर्जुन ने चार पदक जीते। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की ट्रॉफी निवेदिता हॉल की निष्ठा वर्मा को तीन पदक प्राप्त करने पर दी गई। कुल 45 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इसमें छात्रों के लिए 23 और 22 छात्राओं के लिए आयोजित की गई थी। नौ दिवसीय उत्सव में 1467 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 801 छात्र और 666 छात्राएं थीं। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, कुलपति, डीएसडब्ल्यू और चीफ प्रोवोस्ट ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

हबीबुल्लाह ब्वायज हाल बना बेस्ट हॉस्टल

तृतीय अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव-2024

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे अंतर छात्रावास प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण बुधवार को मालवीय सभागार में हुआ। प्रतियोगिता के अंत में बेस्ट हॉस्टल बॉयज का पुरस्कार हबीबुल्लाह बॉयज हॉल को दिया गया, बेस्ट हॉस्टल गर्ल्स का पुरस्कार कैलाश हॉल को दिया गया, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों की ट्रॉफी हबीबुल्लाह हॉल के अर्जुन सिंह को दी गई, जिन्होंने 4 पदक जीते, जबकि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की ट्रॉफी निष्ठा वर्मा को 3 पदक प्राप्त करने पर निवेदिता हॉल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रोवोस्ट, असिस्टेंट प्रोवोस्ट और सभी 18 छात्रावासों के अंतःवासी मौजूद थे। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, श्रीमती रजनी तिवारी ने मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, अध्यक्ष एल.यू.ए.ए. प्रो रूपेश कुमार मौजूद थे।

अर्जुन सिंह ने झटके 4 पदक

समापन समारोह की शुरुआत कुलपति प्रो. राय, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्राओं ने कुल गीत प्रस्तुत किया, विभिन्न छात्रावास के द्वारा कुछ अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। समारोह को संबोधित करती हुई श्रीमती रजनी तिवारी ने सभी अंतःवासियों को बधाई दी और उन्हें अगले वर्ष और बेहतर प्रदर्शन करने और जीत न पाने पर निराश न होने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो राय ने हॉस्टल टीम को समापन के लिए बधाई दी, जिसमें सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल कार्यक्रम शामिल थे।

उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं हुए समय-समय पर इसमें सुधार करते रहने के लिए प्रेरित किया। उत्सव में प्रतिभागियों के लिए कुल 45 प्रतियोगिताएं थी, जिसमें 23 प्रतियोगिता छात्रों के लिए और 22 छात्राओं की प्रतियोगिताएं शामिल थी। पूरे 9 दिवसीय कार्यक्रम मे 1467 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया जिसमे 801 छात्र और 666 छात्राएं थी। छात्रों के लिए कुल 217 पदक रखे गए थे, जिसमें 85 स्वर्ण, 84 रजत और 48 कांस्य शामिल थे जबकि छात्राओं ने 189 पदक जीते थे, इसमें 68 स्वर्ण 68 रजत और 53 कांस्य शामिल थे। इसी क्रम में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा पदक और ट्राफियां वितरित की गईं। उनका साथ कुलपति ने दिया।

PIONEER PAGE 4

बेस्ट हॉस्टल का पुरस्कार हबीबुल्लाह और कैलाश को मिला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में पिछले कई दिनों से चल रहे अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव 2024 का समापन बुधवार को हुआ। विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में समापन से पूर्व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। जहां सभी प्रोवोस्ट, असिस्टेंट प्रोवोस्ट और सभी 18 छात्रावासों के अंतःवासी मौजूद थे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने अपने भाषण में सभी अंतःवासियों को बधाई दी और उन्हें अगले वर्ष और बेहतर प्रदर्शन करने और जीत न पाने पर भी निराश न होने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि ऐसे आयोजनों में जीत या हार से ज्यादा महत्वपूर्ण हॉस्टल का प्रतिनिधित्व और छात्रों की भागीदारी होती है। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने अपने भाषण में संयोजक डीएसडब्ल्यू को बधाई दी और पूरी हॉस्टल टीम को 9 दिवसीय उत्सव के सफल समापन के लिए बधाई दी, जिसमें सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल कार्यक्रम शामिल थे। उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और सभी प्रतिभागियों को अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने और समय.समय पर इसमें सुधार करते रहने के लिए प्रेरित किया। उत्सव में प्रतिभागियों के लिए कुल 45 प्रतियोगिताएं थी, जिसमें 23 प्रतियोगिता छात्रों के लिए और 22 छात्राओं की प्रतियोगिताएं शामिल थीं। पूरे 9 दिवसीय कार्यकम मे 1467 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया जिसमे 801 छात्र और 666 छात्राएं थीं। छात्रों के लिए पदकों की कुल संख्या 217 थी जिसमें 85 स्वर्ण, 84 रजत और 48 कांस्य शामिल थे जबकि 189 पदक छात्राओं ने जीते थे जिनमें 68 स्वर्ण 68 रजत और 53 कांस्य शामिल थे। इसी क्रम में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा पदक और ट्राफियां वितरित की गईं। उनका साथ कुलपति, डीएसडब्ल्यू और लखनऊ विश्वविद्यालय की चीफ प्रोवोस्ट ने दिया।

तृतीय अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव 2024 का हुआ भव्य समापन

बेस्ट हॉस्टल बॉयज का पुरस्कार हबीबुल्लाह बॉयज हॉल को दिया गया, बेस्ट हॉस्टल गर्ल्स का पुरस्कार कैलाश हॉल को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों की ट्रॉफी हबीबुल्लाह हॉल के अर्जुन सिंह को दी गई, जिन्होंने 4 पदक जीते। जबकि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की ट्रॉफी निष्ठा वर्मा को 3 पदक प्राप्त करने पर निवेदिता हॉल से सम्मानित किया गया।

JAGRAN CITY PAGE III

छात्रों को 217, छात्राओं को 189 पदक

इंटर हास्टल कम्पटीशन **फेस्ट** का समापन, हबीबुल्लाह व कैलाश हास्टल को मिला अवार्ड

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में नौ दिवसीय इंटर हास्टल कम्पटीशन फेस्ट-2024 में इस बार सबसे ज्यादा पदक छात्रों ने अपने नाम किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों को 217 पदक मिले, जिसमें 85 स्वर्ण, 84 रजत और 48 कांस्य पदक शामिल रहे। वहीं, छात्राओं ने 189 पदक जीते, जिसमें 68 स्वर्ण, 68 रजत और 53 कांस्य पदक थे। छात्रों में हबीबुल्लाह हास्टल और गर्ल्स में कैलाश हास्टल को बेस्ट हास्टल का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी और कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने मालवीय सभागार में आयोजित समारोह में विजेताओं को पदक व ट्राफी देकर सम्मानित किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न छात्रावास के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने छात्र-छात्राओं को अगले वर्ष और बेहतर प्रदर्शन करने, जीत न पाने पर निराश न होने के लिए प्रेरित किया। कहा कि ऐसे आयोजनों में जीत या हार से ज्यादा महत्वपूर्ण हास्टल का प्रतिनिधित्व और छात्रों की भागीदारी होती है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने संयोजक डीएसडब्ल्यू को और पूरी हास्टल टीम को उत्सव के सफल समापन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू सहित सभी हास्टल के प्रोवोस्ट उपस्थित रहे।

अर्जुन सिंह को मिली सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की ट्राफी

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों की ट्राफी हबीबुल्लाह हास्टल के अर्जुन सिंह को दी गई, जिन्होंने चार पदक जीते। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की ट्राफी निवेदिता हास्टल की निष्ठा वर्मा को तीन पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। 45 में से 23 प्रतियोगिता छात्रों और 22 छात्राओं के लिए थी। 1467 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 801 छात्र और 666 छात्राएं थीं।

12 से बीएएमएस, 13 से बीबीए रिटेल की परीक्षाएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.ए.एम.एस. और बी.बी.ए. रिटेल मैनेजमेंट प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। बी.ए.एम.एस की परीक्षाएं 12 फरवरी और बी.बी.ए. रिटेल मैनेजमेंट की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू होंगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम लवि की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड किया गया है। वहीं, एम.एड. पहले और तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम संशोधित कर दिया गया है। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 10 से 24 फरवरी तक और पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से 26 फरवरी तक होगी।

AMRIT VICHAR PAGE 4

बच्चों को दी गुड और बैड टच की सीख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गुड और बैड टच क्या होता है, नियम- कानून के चलते अपराधियों को सजा कैसे दिलाई जाए। ये सबकुछ साझा करने का कार्य लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो बोनो क्लब की टीम ने दिनकरपुर माध्यमिक विद्यालय में किया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित अभिभावकों को भी जागरूक किया गया।

बुधवार को माध्यमिक विद्यालय दिनकरपुर में प्रो बोनो क्लब के प्रोफेसर डॉ. बीडी सिंह और डॉ. आलोक कुमार यादव अपने संकाय के छात्रों के साथ उपस्थित थे। विद्यालय में उपस्थित छात्र - छात्राओं को गुड टच और बैड टच संबंधी जानकारी क्लब संयोजक मनीष तिवारी और संकाय की छात्राओं ने दी। बच्चों के बीच पॉक्सो एक्ट संबंधी जानकारी साझा की। इस दौरान उपस्थित छात्राओं के अभिभावकों के बीच तमाम सी जानकारियां साझा की गईं।

शिक्षक भी बनें संवेदनशील

विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों को समझाया गया कि विषम परिस्थितियों में छात्रों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उनके साथ खड़े रहना होगा। जागरूकता संबंधी जानकारी भी समय-समय पर दी जानी आवश्यक है।

जम्मू कश्मीर से जुड़ी जानकारी देगा लविवि का व्याख्यान

अमृत विचार, लखनऊ : जम्मू कश्मीर और लद्दाख की समझ को लेकर गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शोध की दृष्टि से जम्मू कश्मीर और लद्दाख के विभिन्न विषयों को समझना और संबंधित विषय पर शोध संबंधी समझ विकसित करना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला की संयोजक प्रो. मनुका खन्ना ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री पुरस्कार 2024 से सम्मानित सेवानिवृत्त प्रोफेसर नवजीवन रस्तोगी रहेंगे। देश की विभिन्न संस्थाओं से वक्ता के रूप में तमाम से विशेषज्ञ विषय पर व्याख्यान देगें।

HT PAGE 3

Campus revamp: New gateway to LU soon

HT Correspondent
Letters@htlive.com

LUCKNOW : The century-old Lucknow University (LU) campus is set to welcome a new main entry point, catering to students, teachers, and visitors alike. An impressive, under-construction gate, located in front of Colvin Taluqdars College—known as gate number three—is nearing completion and will soon open its doors to all.

"We are in the process of changing the entry point to the campus for all our students and teachers. The under-construction gate number three will become the central entry point. Teachers and students will all enter from the upcoming new gate and park their vehicles in the parking area adjacent to this gate on either side and will walk into the portals of the university," said vice-chancellor Prof AK Rai.

The under-construction gate of Lucknow University. HT

He added, "It will be very conducive for students and teachers alike. As they walk inside, the Arts block will be on their left side and the Science faculty on the right. When they move further, the Commerce Block will come into sight. We will make this under-construction gate the main entry point to the campus for everyone."

Gate number 2 near Malviya Hall – the most commonly used gate as of now by teachers and students – will remain shut most of the time. Gate number 2 will only be open to VIPs who come to the campus on special invitation for convocation or as chief guests in conferences and seminars held at the renovated Malviya Hall, he said.

Gate number 4 near University metro station will remain open for pedestrians.

LU PUBLIC ADMIN DEPT FOUNDER PASSES AWAY

LUCKNOW : Founder of Lucknow University's public administration department and former manager of National PG College, Prof DP Singh, passed away on February 6. Incidentally, it happened to be his birthday too. His last rites were performed on Wednesday, said Nand Lal Bharti, head, public administration department, LU. A condolence meeting of all staff and students was held on the National PG College premises.

i-NEXT PAGE 04

एलयू में राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

एलयू के राजनीतिशास्त्र विभाग एवं जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार से दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत होगी. 'जम्मू कश्मीर और लद्दाख की समझः रुझान और प्रवृत्तियां' विषय पर होने वाली यह कार्यशाला मालवीय सभागार में होगी. मुख्य अतिथि के रूप में लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र के निदेशक आशुतोष भटनागर, मुख्य वक्ता होंगे.

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

बच्चों को समझाया गुड-बैड टच का फर्क

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय विधि संकाय की प्रतिष्ठित प्रोफेसर बोनो क्लब ने प्रोफेसर डॉ.बीडी सिंह (संकायाध्यक्ष व अधिष्ठाता) और

प्रोफेसर बोनो क्लब की पॉक्सो अधिनियम पर कार्यशाला

डॉ.आलोक कुमार यादव (संकाय प्रभारी, प्रो. बोनो क्लब) के दिशानिर्देशन में बुधवार को माध्यमिक विद्यालय दिनकरपूर में पोक्सो अधिनियम 2012 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रो.बोनो क्लब के संयोजक मनीष तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रसंग यादव ने की, जिन्होंने बच्चों को पोक्सो अधिनियम व उसके महत्व के बारे में बताया। बच्चों को इस विषय पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आगे कौशिकी द्वारा अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श (गुड टच-बैड टच) के बीच के अंतर को समझाया गया जो बच्चों के लिए निडरता से अधिनियम के खिलाफ बोलने में सक्षम होने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अंतर स्पष्ट करने के लिए बच्चों को उचित उदाहरण दिए गए। कार्यशाला में आगे बढ़ते हुए आदित्य ने इस तरह के कृत्य के लिए दंड के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि ऐसी कोई घटना होने पर बच्चों को तुरंत अपने माता-पिता, अभिभावक या अन्य किसी विश्वासपात्र व्यक्ति को सूचित करना चाहिए और उन्हें आश्वासन दिया कि अपराधी को दंडित करवाया जाएगा। रवि द्वारा बच्चों को ऐसे जघन्य कृत्यों से बचाने के लिए शिक्षकों और स्कूल अधिकारियों की जिम्मेदारी समझाई गई। उन्होंने एक आरामदायक और मैत्रीपूर्ण वातावरण बनाने के महत्व पर जोर दिया ताकि बच्चे घटना की रिपोर्ट करने में संकोच न करें और शिक्षकों को इस मुद्दे के प्रति संवेदनशील और जागरूक होने की जरूरत है। अंत में प्रो.बोनो क्लब के सदस्य आदित्य ने छात्रों से यह पूछकर कार्यशाला का समापन किया कि क्या वे गुड टच और बैड टच के बीच के अंतर को समझते हैं और उन्हें शिक्षा के अधिकार के बारे में बताया। अंत में विद्यालय की प्रचार्या रचना ने इस तरह के सूचनात्मक सत्र के लिए प्रोफेसर बोनो क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया।



लविवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आज

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। राजनीतिशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र,नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 8 एवं 9 फरवरी को जम्मू कश्मीर और लद्दाख की समझः रुझान और प्रवृत्तियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन लविवि स्थित मालवीय सभागार में किया जाएगा। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शोध की दृष्टि से जम्मू कश्मीर और लद्दाख के विभिन्न विषयों को समझना और सम्बन्धित विषय पर शोध सम्बन्धी समझ विकसित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय लविवि उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा आशुतोष भटनागर, निदेशक जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री पुरस्कार 2024 से सम्मानित, संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग, लविवि के सेवानिवृत्त प्रो.नवजीवन रस्तोगी होंगे। देश की विभिन्न संस्थाओं से वक्ता के रूप में डॉ.मंयक शेखर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, डीके दुबे, अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय, डॉ.अजय कुमार, कश्मीर अध्ययन केंद्र, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला, डॉ.प्रीति शर्मा, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय उक्त विषय पर व्याख्यान देगें। कार्यशाला की संयोजक प्रो.मनुका खन्ना, विभागाध्यक्ष, राजनीतिशास्त्र विभाग, लविवि है।

जीत या हार से ज्यादा महत्वपूर्ण हॉस्टल का प्रतिनिधित्व : रजनी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। जहां सभी प्रोवोस्ट, असिस्टेंट प्रोवोस्ट और सभी 18

तृतीय अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव का समापन

छात्रावासों के अंतःवासी मौजूद थे। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप मे अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। उनके साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय,रजिस्ट्रार डॉ.विनोद सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो.राकेश द्विवेदी, डीन छात्र कल्याण प्रो.संगीता साहू, चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह, निदेशक संस्कृति प्रो.मधुरिमा लाल, अध्यक्ष एलयूएए प्रो.रूपेश कुमार मौजूद थे। समापन समारोह की शुरुआत कुलपति प्रो.राय, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन और लविवि के कुलगीत से हुई। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। इसके बाद चीफ प्रोवोस्ट और फेस्ट के संयोजक प्रो.अनूप कुमार सिंह ने उत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया, उसके बाद विभिन्न छात्रावास द्वारा अतिथियों के लिए कुछ मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गईं। इसके बाद रजनी तिवारी ने अपने भाषण में सभी अंतःवासियों को बधाई दी और उन्हें अगले वर्ष और बेहतर प्रदर्शन करने और जीत न पाने पर भी निराश न होने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि ऐसे आयोजनों में जीत या हार से ज्यादा महत्वपूर्ण हॉस्टल का प्रतिनिधित्व और छात्रों की भागीदारी होती है। कुलपति प्रो.राय ने अपने भाषण में संयोजक डी.एस.डब्ल्यू को बधाई दी और पूरी हॉस्टल टीम को 9 दिवसीय उत्सव के सफल समापन के लिए बधाई दी, जिसमें सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल कार्यक्रम शामिल थे।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

लविवि में दो दिवसीय कार्यशाला आज से

लखनऊ। लविवि के राजनीतिशास्त्र विभाग एवं जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 08 से 09 फरवरी तक जम्मू कश्मीर और लद्दाख की समझः रुझान और प्रवृत्तियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन मालवीय सभागार में किया जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शोध की दृष्टि से जम्मू कश्मीर और लद्दाख के विभिन्न विषयों को समझना और सम्बन्धित विषय पर शोध सम्बन्धी समझ विकसित करना है। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय उपस्थित रहेंगे। इस कार्यशाला में जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली के निदेशक आशुतोष भटनागर मुख्य वक्ता के रूप में होंगे। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री पुरस्कार 2024 से सम्मानित, लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग के सेवानिवृत्त प्रो. नवजीवन रस्तोगी होंगे।

LOKSATYA PAGE 2

स्कूल के बच्चे गुड टच-बैड टच से हुए रूबरू

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय की प्रतिष्ठित प्रो बोनो क्लब की ओर से माध्यमिक विद्यालय दिनकरपूर में पोक्सो अधिनियम 2012 पर कार्यशाला हुई। प्रो. बोनो क्लब के संयोजक मनीष तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रसंग यादव ने की।

उन्होंने बच्चों को पोक्सो अधिनियम व उसके महत्व के बारे में बताया। बच्चों को इस विषय पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आगे कौशिकी ने अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श(गुड टच-बैड टच) के अंतर समझाए।

अंतर स्पष्ट करने के लिए बच्चों को उचित उदाहरण दिए गए।कार्यशाला में आगे बढ़ते हुए आदित्य ने इस तरह के कृत्य के लिए दंड के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई घटना होने पर बच्चों को तुरंत अपने माता-पिता , अभिभावक या अन्य किसी विश्वासपात्र व्यक्ति को बताएं।

TOI PAGE 2

Prof who led LU's public admin dept passes away

Times News Network

Lucknow: Eminent academic, Prof DP Singh (94), passed away following cardiac arrest on Tuesday.

The first-generation teacher of public administration in India and former head of Lucknow University's public administration department, Singh was also a member of the University Grants Commission for around two decades.



Prof DP Singh

He is survived by a son, daughter, wife and eight grandchildren. Born and brought up in Lucknow, Prof Singh joined as a lecturer in political science in 1956 and retired in 1990. He held several administrative posts at LU, was manager of National PG College (NPGC) from 2005 to 2020 and had supervised dozens of PhD.

Former students and colleagues remembered him as a person whose students went on to become vice-chancellors and bureaucrats.

"Prof Singh played a key role in the establishment of public administration as an independent department. LU was the first in the country to recognize the importance of the study of public administration and to institute specialized courses," said LU public administration department head Prof Nand Lal Bharti.

LU started a postgraduate diploma course in public administration under the department of Political Science in 1945. "The seminal decision for the creation of an independent department took final shape in 1963 with the efforts of Prof Singh and Prof RB Das," said Bharti

"Prof Singh was my teacher from 1982 to 1986. He then became my boss when I was selected as a Junior Research Associate at RCUES, Lucknow University in 1988. Finally, I had the opportunity to serve as a lecturer in the public administration department. He was an extremely focused administrator who could build both the department of public administration as well as RCUES with his ability," said Prof Manoj Dixit, vice-chancellor, Maharaja Ganga Singh University, Bikaner, Rajasthan.

"Prof Singh took NPGC to all new heights. It is sad for us that we lost our mentor and guide. He breathed his last on his birthday," said NPGC principal Devendra Kumar Singh.

He said that a condolence meeting of all professors, non-teaching staff and students was held at 11am in the college premises.

समापन | लखनऊ विश्वविद्यालय के तृतीय अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव 2024 का समापन

बेस्ट हॉस्टल बॉयज़ और गर्ल्स को किया सम्मानित

प्रतियोगिता

- विजयी प्रतियोगियों को बधाई अगले वर्ष और बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय के तृतीय अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव 2024 का समापन हुआ। मालवीय सभागार में हुए समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में सभी प्रोवोस्ट, असिस्टेंट प्रोवोस्ट और सभी 18 छात्रावासों के अंतःवासी मौजूद थे। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, डीन छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, निदेशक संस्कृति प्रो. मधुरिमा लाल,

अध्यक्ष एल.यू.ए.ए. प्रो रूपेश कुमार मौजूद थे।

रजनी तिवारी ने अपने भाषण में सभी अंतः वासियों को बधाई दी और उन्हें अगले वर्ष और बेहतर प्रदर्शन करने और जीत न पाने पर भी निराश न होने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने संयोजक डी.एस.डब्ल्यू को और पूरी हॉस्टल टीम को 9 दिवसीय उत्सव के सफल आयोजन की बधाई दी। सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल कार्यक्रम शामिल थे। उत्सव में प्रतिभागियों के लिए कुल 45 प्रतियोगिताएं थी जिसमें 23 प्रतियोगिता छात्रों के लिए और 22 छात्राओं की प्रतियोगिताएं शामिल थीं।

पूरे 9 दिवसीय कार्यकम मे 1467 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया जिसमे 801 छात्र और 666 छात्राएं थी। छात्रों के लिए पदकों की कुल संख्या 217 थी जिसमें 85 स्वर्ण, 84 रजत और 48 कांस्य शामिल थे जबकि 189 पदक छात्राओं ने जीते थे जिनमें 68 स्वर्ण 68 रजत और 53 कांस्य शामिल थे।

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने विजेता प्रतिभागियों को पदक और ट्राफियां वितरित की गईं। बेस्ट हॉस्टल बॉयज़ का पुरस्कार हबीबुल्लाह बॉयज़ हॉल को, बेस्ट हॉस्टल गर्ल्स का पुरस्कार कैलाश हॉल, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों की ट्रॉफी हबीबुल्लाह हॉल के अर्जुन सिंह, जिन्होंने 4 पदक जीते। जबकि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की ट्रॉफी निवेदिता हॉल से निष्ठा वर्मा को 3 पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।